NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)

**INSTITUTE FOR EDUCATION**

Bijay, Seraikella-Kharshawan, Jharkhand-833220

# राष्ट्रीय सेवा योजन के अंतर्गत "इंस्टीट्यूट फॉर एडुकेशन,सराईकेला" की कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान कार्यक्रम का रिपोर्ट

## (ज्यादातर कार्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से की गयी है )


कोरोना महामारी जिसे कोविड-19 के नाम से भी जाना जाता है । आज सम्पूर्ण विश्व मे कोरोना संक्रामण फैला हुआ है यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति मे फैलता है । ऐसा माना जा रहा है इस बीमारी की शुरुआत चीन के वुहान शहर से हुआ और वहाँ से सारे विश्व मे फैला । इस महामारी से लाखों लोगों की जान गई । अब तक इस महामारी से बचाव के लिए कोई दवा या सुई बनाने मे कोई देश सक्षम नहीं हो पाया है सभी देश प्रयासरत है जिससे जल्द से जल्द इस महामारी से बचने के लिए कोई निदान निकाला जा सके ।

अगर भारत देश देश मे इस महामारी की बात की जाए तो सर्वप्रथम 30 जनवरी 2020 को केरल मे पहला मामला सामने आया जो की महज कुछ दिनों मे सम्पूर्ण भारत को अपने चपेट मे ले लिया । इस महामारी से बचने के लिए लगभग 75 जिलों मे (केंद्र शासित सहित) 22 मार्च 2020 से सम्पूर्ण भारत मे भारत सरकार द्वारा लॉकडाउन जारी कर दिया गया। झारखंड मे कोविड-19 का सर्वप्रथम मामला 31 मार्च 2020 को रांची जिला के हिंदपीडी मे पाया गया जो की अभी 100 के पर है।

**इंस्टीट्यूट फॉर एडुकेशन सराईकेला** ,बी.एड. कॉलेज जो की झारखंड के सराईकेला जिला मे स्थित है। यहाँ के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यकर्म पदाधिकारी के मार्गदर्शन मे स्वमसेवकों द्वारा कोरोना महामारी से बचाओ के लिए निरंतर जागरूकता फैलाई जा रही है साथ ही साथ राष्ट्रीय एंव राजकीय स्तर के कार्यशालाओं मे भाग ले कर प्रशिक्षित हो रहे है। स्वमसेवकों द्वारा अपने आस- पड़ोस मे स्वय निर्मित मास्क का वितरण इत्यादि किया जा रहा हैं।

इंस्टीट्यूट फॉर एडुकेशन सराईकेला ,बी.एड. कॉलेज के द्वारा एन.एस.एस. पी.ओ. एंव स्वमसेवकों द्वारा निम्नलिखित योगदान दिया गया जिसके कुछ भाग फोटोग्राफ के साथ इस प्रकार है :-

- 27 मार्च 2020 को एन एस एस स्वंमसेवक (समीर कुमार, यूनिट- II )के द्वारा कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए विडियो मेसेज सोसल मीडिया पर अपलोड किया जिसे लोग देख कर जागरूक हो सके।


- दिनांक 22.04.2020 को कोविड -19(कोरोना वायरस) के संक्रमण से बचाव हेतु एन.एस.एस. वोलेंटियर की ओर से अपने क्षेत्र और आस-पड़ोस में जागरूकता अभियान चलाया गया । स्वमसेवकों द्वारा मास्क बना लोगों में बंटा गया साथ ही इस महामारी मे पक्षियों के लिए पानी - खाना का प्रबंध भी किया गया। स्वमसेवकों द्वारा आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड व स्लोगन,पोस्टर के माध्यम से सभी से आग्रह किया गया आप घर पर रहे। जिससे इस महामारी से बचा जा सकता है। इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से समीर कुमार ,स्वाति कुमारी ,रंजू कुमारी ,वर्णाना स्वाय,शालिनी कुमारी,ईशा कुमारी ,राजकुमार मण्डल, अंजलि झाला,स्वेता कुमारी, प्रिया कुमारी, भानुमती , कुमार विवेक, पुनम चौहान आदि स्वमसेवकों ने अपनी भागीदारी प्रस्तुत की।










































- दिनांक 02.04.2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वमसेवकों की सूची कोलहन विश्वविधालय के एन.एस.एस. कोर्डिनेटर द्वारा पी.एम. कार्यालय के लिए मांगी गई जिसमे 100 स्वमसेवकों की मोबाइल न., ईमेल , निवास स्थान का ब्योरा इत्यादि को पटना एन एस एस क्षेत्रीय कार्यालय सहित कोल्हन विश्वविधालय को भेजा गया ।
- सराईकेला जिला के नोडेल ऑफिसर को दिनांक 28.04.2020 को कार्यक्रम पदाधिकारी (ओम प्रकाश )सहित एक स्वमसेवक(समीर कुमार) की सूची भेजी गई।
- 29.04.2020 को COVID-19 पर UNICEF के द्वारा झारखण्ड राज्य के साथ ZOOM Apps पर COVID-19 पर प्रशिक्षण प्राप्त किया जिसमें कोरोना के रोकथाम एवम् बचाव पर विशेष चर्चा किया गया। जिसमे मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना (युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय,भारत सरकार) के राष्ट्रीय निदेशक सौरभ शाह (IPS) नई दिल्ली, क्षेत्रीय निदेशक पटना विनय कुमार , राज्य के नोडल अधिकारी झारखण्ड के डॉ ब्रजेश कुमार उपस्थित थे। यह मीटिंग 03.00 pm मे रखा गया था।जिसमे unicef के दानिश जी एवम् मनीष जी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में NSS.PO. Om Prakash और कॉलेज के NSS Volunteer Samir Kumar ने भाग लिए एवं अपनी सहभागिता प्रस्तुत की (मोबाइल से स्क्रीनशॉर्ट ली गई है)







- दिनांक 05.05.2020 को **हिंदुस्तान अखबार** और **दैनिक भास्कर** अखबार मे इंस्टीट्यूट फॉर एडुकेशन के कार्यक्रम पदाधिकारी ( प्रो.ओम प्रकाश ) एंव स्वमसेवकों के कार्यों को सराहा गया।



**लोगों को मास्क बांट रहे एनएसएस वॉलेंटियर**

**सरायकेला** | कोरोना संकट में सरायकेला के विजयतरण गांव स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन बीएड कॉलेज के एनएसएस विंग के छात्र-छात्राएं भी इसे लेकर खुद से मास्क तैयार कर जरूरतमंद सभी ग्रामीण जनों के बीच वितरण कर रहे हैं। एनएसएस कोऑर्डिनेटर ओम कुमार के नेतृत्व में इस दौरान वॉलंटियर्स द्वारा लोगों को कोरोना वायरस के संक्रमण की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

दैनिक भास्कर,चाईबसा(05.05.2020)



**एनएसएस वालंटियर खुद मास्क बना कर रहे वितरण**

**सरायकेला।** कोरोना संकट के वैश्विक महामारी में सरायकेला के विजय गांव स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन बीएड कॉलेज की एनएसएस इकाई के छात्र-छात्राएं खुद से मास्क तैयार कर जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण कर रहे हैं। एनएसएस को-ऑर्डिनेटर ओम कुमार के नेतृत्व में इस दौरान वॉलिंटियर्स द्वारा लोगों को कोरोना के संक्रमण की सुरक्षा को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जिसमें लॉकडाउन का पालन करने, बेवजह घरों से बाहर नहीं निकलने, सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेन करने, मास्क का उपयोग करने सहित जागरूकता स्लोगनों द्वारा लोगों को सुरक्षित जीवन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

हिंदुस्तान, चाईबसा (05.05.2020)

- भारत सरकार के पोर्टल (my gov.)पर कोरोना जागरूकता अभियान मे एन एस एस. पी ओ. के रूप मे भागीदारी दी एंव सहभागिता प्रमाण पत्र प्राप्त किया।



## 23.05.2020

राष्ट्रीय सेवा योजना , झारखंड राज्य की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग मीटिंग(webex app के द्वारा ) दिनाँक 23 मई 2020 (शनिवार) को सुबह 10.15 बजे रखी गई। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य के खेल निदेशक श्री अनिल कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई,उक्त मीटिंग में NSS के क्षेत्रीय डायरेक्टर(पटना) श्री विनय कुमार,झारखंड के NSS को ऑर्डिनेटर श्री ब्रजेश कुमार ,विभिन्न जिला के नोडल अफसर, विभिन्न कॉलेज के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं मुख्य रूप से झारखंड सरकार के माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री बन्ना गुप्ता जी उपस्थित थे।

मीटिंग में मुख्यरूप से कोरोना संक्रमण से बचाव एवं जागरूकता पर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में मैं भी शामिल हुआ।



















## 26.05.2020(prabhat khabar)

## किस कॉलेज मे कितना क्लास हुआ है कोल्हान के वोकेशनल सेल के द्वारा पेपर मे प्रकाशित किया गया



**किस कॉलेज ने वोकेशनल में कितने वीडियो तैयार किये**

1. जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज- 331, 2. जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज- 1256, 3. ग्रेजुएट कॉलेज- 444, 4. वर्कर्स कॉलेज- 199, 5. केएस कॉलेज, सरायकेला- 24, 6. टाटा कॉलेज, चाईबासा- 25, 7. महिला कॉलेज चाईबासा- 285, 8. जेएलएन कॉलेज चक्रधरपुर- 26, 9. एमएड डिपार्टमेंट, केयू - 72, 10. बहरागोड़ा कॉलेज- 52, 11. इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन- 322, 12. जेकेएम कॉलेज व जामिनी कांत बीएड कॉलेज- 288, 13. श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन- 698, 14. डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन- 80, 15. रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन- 255, 16. करीम सिटी बीएड कॉलेज- 358, 17. स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन- 120, 18. मधुसूदन महतो ट्रेनिंग कॉलेज- 85, 19. लोयोला कॉलेज ऑफ एजुकेशन- 48, 20. एकेएम एंड आरकेटीटीआइ कॉलेज, चांडिल- 20



# सिर्फ वोकेशनल कोर्स में 3700 वीडियो हुए अपलोड

संदीप सावर्ण @जमशेदपुर

हाइटेक तरीके से पठन-पाठन के मामले में कोल्हान विवि भी अन्य विवि के साथ कदमताल मिला कर चल रहा है. कोविड-19 संक्रमण काल में विवि के सभी शिक्षकों द्वारा वेबसाइट पर इ-कंटेंट अपलोड किये जा रहे हैं. साथ ही ऑनलाइन क्लास का भी संचालन किया जा रहा है. हाइटेक एजुकेशन की स्थिति यह है कि केयू के सिर्फ वोकेशनल कोर्स में करीब 3700 वीडियो अपलोड किये जा चुके हैं. वहीं, करीब 1300 ऑनलाइन क्लास भी अब तक हो चुकी है. केयू के अंतर्गत चलने वाले कॉलेजों द्वारा वोकेशनल सेल को दी गयी जानकारी के अनुसार, अब तक कुल 4998 ऑनलाइन वीडियो अपलोड किये गये हैं व ऑनलाइन क्लास हो चुकी है. कोर्स में कोल्हान विवि के वोकेशनल कोऑर्डिनेटर डॉ संजीव आनंद ने बताया कि शिक्षक-शिक्षिकाएं न सिर्फ इ-कंटेंट तैयार कर रहे हैं, बल्कि विद्यार्थी उसे लगातार देख भी रहे हैं. बताया कि औसतन हर कंटेंट का व्यूज करीब 4500 है. इस तकनीक का केयू के करीब 80 हजार छात्र-छात्राएं लाभ ले रहे हैं. विवि की ओर से शिक्षकों एवं छात्रों के लिए विवि की वेबसाइट पर एक लिंक भी अपलोड किया गया है. शिक्षक उसमें पाठ्यक्रम डाल रहे हैं, तो छात्र इस लिंक के माध्यम से पाठ्यक्रम को खोलने के साथ ही उक्त लिंक के माध्यम से सवाल भी पूछ रहे हैं. कोल्हान विश्वविद्यालय में ऑनलाइन क्लास चलाने के साथ ही पाठ्यक्रम यूट्यूब पर भी अपलोड किये जा रहे हैं.

**किस कॉलेज ने वोकेशनल में कितने वीडियो तैयार किये**

1. जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज- 331, 2. जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज- 1256, 3. ग्रेजुएट कॉलेज- 444, 4. वर्कर्स कॉलेज- 199, 5. केएस कॉलेज, सरायकेला- 24, 6. टाटा कॉलेज, चाईबासा- 25, 7. महिला कॉलेज चाईबासा- 285, 8. जेएलएन कॉलेज चक्रधरपुर- 26, 9. एमएड डिपार्टमेंट, केयू - 72, 10. बहरागोड़ा कॉलेज- 52, 11. इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन- 322, 12. जेकेएम कॉलेज व जामिनी कांत बीएड कॉलेज- 288, 13. श्रीनाथ कॉलेज ऑफ एजुकेशन- 698, 14. डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन- 80, 15. रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन- 255, 16. करीम सिटी बीएड कॉलेज- 358, 17. स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ एजुकेशन- 120, 18. मधुसूदन महतो ट्रेनिंग कॉलेज- 85, 19. लोयोला कॉलेज ऑफ एजुकेशन- 48, 20. एकेएम एंड आरकेटीटीआइ कॉलेज, चांडिल- 20